हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026



11 आशा वर्कर्स ने लघुसचिवालय परिसर में किया प्रदर्शन






12 आसोदा टोडराण में 28 लाख रुपये से बनेंगी गलियां




### खबर संक्षेप

## खुले बोरवेल और गहरे गड्ढों को तुरंत बंद करने के दिए आदेश

**झज्जर।** जिलाधीश वर्षा खांगवाल ने जिला में आमजन, विशेषकर छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खुले बोरवेल, गहरे गड्ढों एवं खड्डों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के आदेश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 के तहत जारी इन आदेशों का उद्देश्य संभावित दुर्घटनाओं को रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला में कहीं भी खुले बोरवेल अथवा भूमि में गहरे गड्ढे पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, पंचायत अथवा भूमि स्वामी उन्हें तुरंत बंद कराना सुनिश्चित करें। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के तहत नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## अलग-अलग मामलों में अवैध हथियार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि सीआईए की एक टीम ने आरोपी प्रदीप उर्फ सोनू निवासी झाड़ली को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए। यह हथियार उसने अंकित निवासी मिशरी, जिला चरखी दादरी से खरीदा था। उन्होंने कार्रवाई करते हुए सप्लायर अंकित को भी गिरफ्तार कर लिया। अदालत के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं एक अन्य टीम ने थाना शहर क्षेत्र से आरोपी प्रवीन निवासी झाड़ली, जिला झज्जर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद हुआ। उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## कॉलेजों में आवेदन करने के 5 दिन शेष

**बहादुरगढ़।** सरकारी कॉलेजों में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी एडमिशन के लिए 12 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। संशोधित शेड्यूल के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया 18 अगस्त तक चलेगी। राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. अलका गुलाटी ने छात्राओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय पर दाखिला लेने को आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

## कोर्ट के पास आइसक्रीम का भंडारा आज

**बहादुरगढ़।** एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर के जन्मदिन पर बुधवार 8 जुलाई को कोर्ट परिसर के सामने तीसरे विशाल आइसक्रीम भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के अधिवक्ताओं के अलावा सामाजिक और धार्मिक संगठनों के सदस्य भी शिरकत करेंगे।

## रोहद के निकट ट्रेन से कटकर युवक ने जान दी

**बहादुरगढ़।** रोहद के निकट दिल्ली-रोहतक रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला। युवक द्वारा ट्रेन से कटकर जान देने की बात सामने आई है। मंगलवार दोपहर की यह घटना है। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। जीआरपी थाने से टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। आसपास जांच और लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान मृतक की पहचान करीब 24 वर्षीय विशाल के रूप में हुई। गांव इस्माइला का रहने वाला था। उसने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, ये अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव अस्पताल में रखवा दिया है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद आत्महत्या के कारणों की भी जांच की जाएगी।

### बहादुरगढ़ में 15.4 एमएम बरसात, झज्जर में भी बरसे बादल

# पहली झमाझम बरसात ने दी गर्मी से राहत, कई जगह जलभराव से आफत

- लोगों ने कहा-शुरुआती बरसात में ही जलभराव हो गया, नालों की सफाई का काम जल्द पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कई दिनों से भीषण गर्मी से जूझ रहे बहादुरगढ़ पर बादल आखिरकार मंगलवार को मेहरबान हो गए। सुबह से दोपहर तक 15.4 एमएम बरसात दर्ज की गई। झमाझम बरसात के चलते बहादुरगढ़ में कई जगह जलभराव हो गया। घंटों तक सड़कों, गलियों में पानी जमा रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दरअसल, बीते कुछ दिनों से रोजाना भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया था। मंगलवार दोपहर एक बजे अचानक मौसम बदल गया और बादल छा गए। डेढ़ बजे तेज बरसात शुरू हो गई। जमकर बारिश हुई। जिसका लोगों ने लुत्फ उठाया और स्कूल से लौट रहे बच्चों ने मस्ती की। उमसभरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिली। हालांकि बहुत से लोगों को जलभराव के कारण परेशानी भी झेलनी पड़ी। शहर में बीते कुछ दिनों से नालों की सफाई चल रही है। लेकिन कुछ देर की बरसात ने निकासी के दावों की फिर से हवा निकाल दी। झज्जर रोड, मांडोठी बाजार, विकास नगर और सेक्टर-6 सहित कई जगहों व कॉलोनियों में जलभराव की समस्या गहरा गई। बरसात के कई घंटे बाद तक सड़कों से पानी नहीं निकल सका। जिस कारण लोगों को आने जाने में तकलीफ हुई। लोगों का कहना है कि शुरुआती बारिश में ही बहादुरगढ़ में बुरे हालात हो गए हैं। अभी पूरा बरसाती सीजन बाकी है। नालों की गंभीरता से सफाई होनी चाहिए। वहीं आम नागरिकों को भी प्लास्टिक आदि कचरा नाले, नालियों व खुले स्थान पर डालने से बचना चाहिए। उधर, मौसम विभाग की मानें तो कुछ दिन बरसात के आसार बने रहेंगे।



बहादुरगढ़। बरसात के चलते सेक्टर-6 की सड़क पर जलभराव।

### हल्की बरसात से तापमान में आई गिरावट

**झज्जर ( हरिभूमि न्यूज)।** लगातार तीसरे दिन हुई हल्की बरसात से एक बार फिर से मौसम सुहाना बना दिया। लोगों ने बारिश की हल्की फुहारों के बीच अपने उमस भरी गर्मी से राहत लेते हुए रोजमर्रा के कार्य किए। हालांकि, शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी देखने को मिली, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी क्षेत्र में बारिश की संभावना है। बरसात के बाद निकासी व्यवस्था सुचारू न होने के कारण अंबेडकर चौक, बस स्टैंड चौक, भट्टी गेट, दिल्ली गेट, नीमवाली कालोनी, छारा चुंगी, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस आदि स्थानों पर जलभराव के कारण यातायात प्रभावित रहा। आंबेडकर चौक से मेन बाजार जाने वाले रास्ते पर देर तक जलभराव होने के कारण राहगीरों को अधिक परेशानी आई और दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित रही।



आंबेडकर चौक

### एडीसी जगनिवास ने किया जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** जिला नगर आयुक्त एवं एडीसी जगनिवास ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालों एवं जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नालों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। डीएमसी ने कहा कि जल निकासी व्यवस्था पर शहरी निकाय द्वारा पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है। डीएमसी जगनिवास ने सेक्टर-9, सैनीपुरा, बाग वाला मोहल्ला तथा बालौर रोड क्षेत्र का दौरा कर नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करना जरूरी है। उन्होंने सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने, नालों से सिल्ट एवं कचरा समय पर हटाने तथा नियमित निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर परिषद के ईओ संजय रोहिल्ला, एमई जोगेंद्र सिंधु, एक्सईएन भारत भूषण, सचिव प्रवीण छिकारा, जेई आकाश, आशीष, नीरज, एसआई सुनील हुड्डा तथा सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। एडीसी जलनिकासी पर निर्देश देते हुए।

### चौकी के पास मिले शवों का हुआ पोस्टमार्टम

# 2 माह पहले 2 करोड़ में बेचा था प्लॉट, परिजनों का 2 साथियों पर शक



झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिस कर्मी।

- एक युवक के सिर और एक के कान के पीछे व पीठ में गोली मार की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को दुलीना पुलिस चौकी के नजदीक खून से लथपथ मिले दो व्यक्तियों के शव का मंगलवार को चिकित्सीय बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान खुलासा हुआ कि दोनों की हत्या गोली मारकर की गई थी। पोस्टमार्टम के दौरान कामिल (50) के सिर से एक गोली और इरशाद (40) के कान व पीठ में गोली के निशान मिले हैं।

आरोपियों ने पहचान छिपाने के लिए मुंह पर वार किए थे। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। घटनास्थल से पुलिस को नीले रंग के ड्रम में ज्वलनशील पदार्थ, एक पाइप भी मिला है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शवों को ट्रक में डालकर फेंक गए। आशंका यह भी है कि आरोपी शवों को जलाने की फिराक में थे। उधर, मंगलवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचे परिजनों ने बताया कि कामिल ने दो महीने पहले ही मेरठ में 2 करोड़ रुपये में प्लॉट बेचा था। वहीं, उन्होंने उनके साथ रहने वाले दो युवकों पर भी शक जताया है।

#### 4 जुलाई को घर से गए, 6 को शव मिले

कामिल और इरशाद यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के जौला गांव के रहने वाले थे। दोनों पिछले करीब 20 साल से साथ रहकर काम करते थे। राजस्थान के नीमराना में कामिल पहले पीजी चलाता था और इरशाद वहीं मुंशी का काम करता था। करीब एक महीने पहले पीजी बेचने के बाद दोनों वहीं प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने लगे थे। इससे पहले कामिल ने दो महीने पहले मेरठ में अपना एक प्लॉट करीब 2 करोड़ रुपये में बेचा था। परिजनों के अनुसार, 4 जुलाई को वे स्कॉर्पियो से नीमराना के लिए निकले थे। 6 जुलाई की तड़के झज्जर में उनके शव मिले।

## आग लगने से बंद फैक्ट्री को चोरों ने बनाया निशाना

- एलईडी टीवी, लैपटॉप, सिलेंडर आदि सामान चुराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आग लगने से प्रभावित एक फैक्ट्री के कार्यालय को चोरों ने निशाना बना लिया। फैक्ट्री से लैपटॉप व सिलेंडर सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। फैक्ट्री मालिक की ओर से इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है।

सुल्तानपुरी दिल्ली के निवासी नीतेश का कहना है कि एमआईई पार्ट-ए में उनकी फैक्ट्री है। कुछ समय पहले फैक्ट्री में आग लगने से हादसा हो गया था। इसके बाद वह फैक्ट्री में कम आते हैं। बीच बीच में संभाल जाते हैं। हाल ही में गत 30 जून को कुछ अज्ञात युवक फैक्ट्री परिसर में घुसे और वारदात कर गए। जब हम यहां आए तो वारदात का पता चला। जांच करने पर एलईडी टीवी, लैपटॉप, सिलेंडर सहित अन्य सामान गायब मिला। तब से लेकर अब तक अपने स्तर पर जांच करते रहे लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। फिर पुलिस को शिकायत दी गई।

उधर, सिटी पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी तरफ महावीर पार्क में एक कमरे से लैपटॉप चोरी हो गया। पीड़ित अभिराज की शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से रि. पुलिसकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

**सुबह पांच बजे अपने खेतों में जाने के लिए ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा**

मंगलवार अलसुबह करीब पांच बजे क्षेत्र के गांव बाबरा में हुई एक रेल दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 70 वर्षीय ईश्वर सिंह पुत्र मनोहर लाल के तौर पर हुई है। वे हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त थे।

यह हादसा उस समय हुआ जब ईश्वर सिंह सुबह करीब पांच बजे अपने खेतों में सुबह की सैर के लिए जा रहे थे। उनके खेत रेलवे लाइन के दूसरी ओर थे। वे जब लाइन पार कर रहे थे तो वहां से निकल रहे ईंजन की चपेट में आ गए। जिस कारण उनकी मौत हो गई। उन्हें संभलने तक का अवसर नहीं मिला। मामले के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# गाड़ी का शीशा तोड़ बैग ले गया चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में दिनदहाड़े गाड़ियों के शीशे तोड़े जा रहे हैं। अब रोहतक-दिल्ली रोड एक बार फिर कार को निशाना बनाया गया। यहां ली फार्म के निकट खड़ी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप बैग चुरा ले गया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है।

राजस्थान के बूंदी जिले के निवासी मंजीत चौधरी का कहना है कि वह प्राइवेट जॉब करता है। कंपनी के काम के सिलसिले में सोमवार को बहादुरगढ़ आया था। अपनी कार दिल्ली-रोहतक मार्ग पर मेट्रो पिलर 821 के पास सड़क किनारे खड़ी थी। इसके बाद मार्केट में चला गया। करीब आधे घंटे बाद आया तो कार के अंदर से बैग गायब था। बैग में लेपटाप, चार्जर आदि सामान था। देखा तो कार की साइड का शीशा भी टूटा हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मंजीत की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी। बता दें कि पिछले कुछ समय से रोहतक-दिल्ली रोड पर आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों के शीशे तोड़कर वारदात की जा चुकी हैं। अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं।

### जिम में आए युवक की कार का शीशा तोड़कर 2 बैग चुराए

**बहादुरगढ़।** दिल्ली से यहां बहादुरगढ़ में मौजूद एक जिम में आए युवक की गाड़ी को शातिरों ने निशाना बना लिया। शीशा चटकाकर चोर 2 बैग निकाल ले गए। बैग में लैपटाप, रुपये, कपड़े व अन्य जरूरी सामान था। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। वारदात मुंडका के निवासी रवि बोहरा के साथ हुई है। रवि का कहना है कि वह रोहतक-दिल्ली रोड पर मेट्रो पिलर नंबर 871 के पास स्थित एक जिम में फीस पूछने के लिए आया था। अपनी कार जिम के पास ही खड़ी की थी। कुछ देर बाद जिम से बाहर निकला तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। अंदर देखा तो 2 बैग गायब थे। बैग में लैपटाप, कपड़े व कुछ रुपये आदि थे। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। वहीं, सिटी पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली जाएगी। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

**परेशानी** अधूरी सड़क व नाला निर्माण बना मुसीबत का कारण

# नीमआली कॉलोनी बनी तालाब, बाढ़ जैसे हालात

- बुधो माता मंदिर से होकर जाने वाला डायवर्सन मार्ग भी पानी भरने के कारण बंद हो गया
- डीसी से मुलाकात कर समस्या से अवगत करवा चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सिटी पल्स

शहर की नीमआली कॉलोनी में बारिश के बाद हालात बाढ़ जैसे बन गए हैं। सड़क और नाला निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण बारिश का पानी सड़कों और गलियों में भर गया है। जलभराव इतना अधिक हो गया कि लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया। वहीं बुधो माता मंदिर से होकर जाने वाला डायवर्सन मार्ग भी पानी भरने के कारण बंद हो गया है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में सड़क और नाला निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य की धीमी गति और अधूरे निर्माण के कारण बारिश का पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा। जिसके कारण थोड़ी सी बारिश ने पूरी कॉलोनी को जलमग्न कर दिया। कॉलोनी की मुख्य सड़क, गलियां और कई घरों के बाहर पानी जमा होने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। स्कूलों की वैन व बसें नहीं पहुंचने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। स्थानीय निवासी नरेश चंद्र ने बताया कि डीसी से मुलाकात करते हुए समस्या से अवगत करवाया गया था। उन्होंने संबंधित विभाग को जल्द कार्य पूरा करवाने के निर्देश भी दिए थे। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जिसके कारण परेशानी हो रही है।



झज्जर। नीमआली कॉलोनी में मुख्य मार्ग पर हुआ जलभराव। यहां नाला निर्माण अधूरा होने से भी बढ़ रही परेशानी।

#### जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित

मन्नू गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में उनका गोदाम है। जलभराव के कारण बुधो माता मंदिर से डायवर्सन मार्ग तक रास्ता बिल्कुल बंद हो गया है। जिसके कारण परेशानी हो रही है। पिछले दो वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। इसका जल्द से जल्द स्थायी समाधान होना चाहिए।



#### घरों से निकलना भी हुआ मुश्किल



सतीश सैनी ने बताया कि नाले और सड़क निर्माण अधूरा होने के कारण परेशानी हो रही है। सड़कों पर जलभराव के कारण घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा है।

#### मंदिर व जिम जाने में हो रही परेशानी



नीरज भगत जी ने कहा कि नी म आ ली कॉलोनी में बाढ़ जैसे हालत है। जलभराव के कारण रास्ता बंद हो गया है। जिसके कारण मंदिर व जिम जाने में परेशानी हो रही है।

# 45 करोड़ से सुधरेगी 29 सड़कों की सेहत


हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सरकार द्वारा झज्जर विधानसभा क्षेत्र की 29 सड़क परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण से आवागमन सुलभ होगा। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि झज्जर विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा 29 विभिन्न सड़क विकास कार्यों के लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की प्रस्तावित व्यवस्था की गई है।

इन परियोजनाओं के तहत लगभग 45 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुनर्निर्माण, आईपी ब्लॉक, बीसी, सड़क शिफ्टिंग तथा अन्य आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बहु-खोरडा-मकडानी रोड, झांसवा-जमालपुर-जाखड़ अस्पताल रोड, गांव भूरावास में सड़क शिफ्टिंग, गांव अकेहड़ी- मदनपुर से बाबा भैया समाध, गांव बिठला-भूरावास, गांव बंबूलिया से जेएलएन फीडर रोड, झज्जर-छुछकवास से फोर्टपुरा-तामसपुरा रोड, गांव मारौत-सूरजगढ़ रोड, शहर के सीताराम गेट से श्मशान घाट रोड, जोंधी व गिरावड़ संपर्क मार्ग, बहु-नया गांव, खानपुर कलां-खानपुर खुर्द, रामपुरा-सुर्खपुर, एनएच-71 से स्टेडियम मार्ग, खातीवास-ग्वालिसन, हंमायूपुर-झांसवा, धनिया संपर्क मार्ग, डायवर्सन रोड, नीलाहेड़ी-चांदोल, सुंदरेहटी-लड़ायन-नीलाहेड़ी, गांव रणखंडा मार्ग, साहलावास-बिठला-जटवाड़ा से सुबाना-कोसली रोड, झज्जर के बेरी गेट से आरजेआर रोड, खेड़ी खुम्मार-तलाव रोड, गांव तलाव-छुछकवास से इस्लामगढ़ की ढाणी, झाड़ली-मोहनबाड़ी रोड तथा बहादुरगढ़-झज्जर रोड से खेड़ी आसरा तक सड़क सुधार कार्य शामिल हैं।



वर्षा खांगवाल, डीसी



## नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

### लाइफ Style

## कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



### हॉलीवुड मसाला



## पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।




## लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



## ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न


**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



## इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

### टीवी मसाला



## पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



## आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



## 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही



साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज


इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम
## रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

***नई दिल्ली।*** *सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से पनप रहा रोष, नए कामों का बनाया जा रहा दबाव

10 अगस्त को जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया

# आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन मानदेय में बढ़ोतरी की मांग






**झज्जर।** लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शन करतीं और प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपतीं आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने लघुसचिवालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की।

बाद में उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। संगठन की जिला प्रधान किरण ने बताया कि लंबे समय से आशा वर्कर्स के ऊपर नए-नए कामों का दबाव बढ़ता जा रहा है। महंगाई आसमान छू रही है। राज्य व केंद्र की सरकार द्वारा आशा वर्कर्स के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। जिसके कारण आशावर्करों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स की मुख्य मांगों में आशाओं को दिए जा रहे मानदेय में वृद्धि करना, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में घोषित 1500 रुपये की मानदेय वृद्धि को तुरंत लागू करना, ऑनलाइन काम को बंद किया जाए, लंबित मांगों की लगातार की जा रही अनसुनी को बंद किया जाए, आरोग्य मंदिर एप 2024 के साथ-साथ, टीबी व पोलियो ड्यूटी के काम का भुगतान किया जाना शामिल है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते इन मुख्य मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो 21 जुलाई को पंचकूला रैली के बाद 10 अगस्त को जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

> आशाओं को दिए जा रहे मानदेय में वृद्धि करना, केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में घोषित 1500 रुपये की मानदेय वृद्धि को तुरंत लागू करना, ऑनलाइन काम को बंद किया जाए, लंबित मांगों की लगातार अनसुनी को बंद करने की मांग की।

# निकासी न होने से तलाव की की मुख्य गली में जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** गली में हुए जलभराव के साथ खड़े ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव तलाव में पानी निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण गली में जलभराव की स्थिति बनी है। कन्या प्राथमिक पाठशाला व शिव मंदिर के नजदीक वाली यह गली गांव की मुख्य गलियों में आती है। ग्रामवासी राजकुमार, राजू, वसीम, संदीप, जितेंद्र, राजेश आदि ने बताया कि पिछले करीब दो माह से यह समस्या बनी है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी आ रही है। स्कूल व मंदिर नजदीक होने के कारण लोगों का आवागमन बना रहता है।

> नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा

बार-बार कहने पर एक-दो कर्मचारी आए भी लेकिन वे औपचारिकता पूरी करके चले गए। जिस कारण कुछ दिनों में ही फिर से वहीं स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीण राजू ने बताया कि गली के मुहाने पर किया गया नई पुलिया का निर्माण भी कुछ हद तक इसमें बाधा बना है। पुलिया का लेवल गली के लेवल से ऊंचा होने के कारण पानी सड़क के दूसरी तरफ नहीं निकल पाता। उन्होंने बताया कि यदि नालियों की नियमित सफाई की जाए तो भी समस्या से कुछ राहत मिल सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन से नालियों की नियमित सफाई व पुलिया का लेवल गली के समतल कर समस्या के स्थाई समाधान की मांग उठाई है।

## ग्रामवासियों का सहयोग जरूरी

ग्राम सरपंच अनिल ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए बनी नाली को आसपास के मकान मालिकों द्वारा बंद कर दिया गया है। उनकी मांग है कि पानी की निकासी दूसरी तरफ से की जाए। पुलिया बने करीब पांच वर्ष का समय बीत चुका है, पहले यह समस्या नहीं थी। यदि ग्रामवासी सहयोग करें तो नियमित सफाई हो पाएगी।

# पिलर तोड़कर भाग रहे डंपर चालक ने दुकानदार को कुचला

> डंपर चालक को लापरवाही से वाहन चलाने से रोकने का किया था प्रयास

**कलानौर।** कलानौर थाना क्षेत्र के गांव गुढ़ाण में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के अड्डे पर अपनी परचून की दुकान चला रहे 53 वर्षीय दुकानदार ने जब एक डंपर चालक को लापरवाही से वाहन चलाने पर रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने रुकने के बजाय तेज रफ्तार में ट्रक दौड़ा दिया और दुकानदार को कुचलता हुआ डंपर लेकर फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने बाद में घटना में प्रयुक्त डंपर को बरामद कर लिया है और चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि आरोपी को काबू कर लिया गया है। मृतक की पहचान गुढाण निवासी 53 वर्षीय नरेश उर्फ नान्हे पुत्र दयानंद के रूप में हुई है। नरेश गांव के अड्डे पर वर्षों से परचून की दुकान चलाता था। मंगलवार रात वह दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक डंपर ने दुकान के समीप बने एक पिलर को टक्कर मार दी।

## खबर संक्षेप

### गांजे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के पिछले गेट के पास से पकड़े गए आरोपी की पहचान आशु के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गांव लुकसर में कार की टक्कर से 3 युवक घायल

**बहादुरगढ़।** गांव लुकसर में कार की टक्कर से 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अब तबीयत में सुधार होने पर घायल पक्ष ने पुलिस को शिकायत दी है। हादसे के लिए गाड़ी चालक को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लुकसर के निवासी सुनील का कहना है कि शाम करीब साढ़े 7 बजे घूमने जा रहा था। रास्ते में सरकारी स्कूल के पास बाइक पर गांव के मनजीत व अमित मिले। फिर हम बात करने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार में गाड़ी आई और हम तीनों को सीधी टक्कर मारी। हादसे में हमें काफी चोट आई। राहगीरों ने उसी गाड़ी में डालकर हमें अस्पताल भिजवाया। तब से ईलाज जारी था।

### एमडीयू ने बीएड व बीए परीक्षा की तिथियां बदलीं

**रोहतक।** एमडीयू ने डेटशीट में टकराव के कारण बीएड एवं बीए (एडिशनल) पाठ्यक्रमों की कुछ परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। अधिसूचना के अनुसार बीएड प्रथम वर्ष का चाइल्डहुड एंड ग्रोइंग अप का पेपर अब 28 जुलाई 2026 को होगा।

# विजय स्कूल में विद्यार्थियों को नियमों के प्रति जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्थानीय पुलिस की ओर से विजय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक सत्य प्रकाश व उनकी टीम ने नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की हिदायत दी गई।

# सांखोल में करंट लगने से 2 भैंस मरी हादसे पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में खंभे के पास मृत पड़ी भैंसें। फोटो : हरिभूमि

बरसात के दौरान बिजली के खंभे में आए करंट ने 2 मवेशियों की जिंदगी लील ली। इस हादसे से पशु मालिकों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं, लोगों में भय की स्थिति उत्पन्न हो गई। हादसे पर ग्रामीणों ने नाराजगी भी जताई है। रविवार को भी ग्रामीणों द्वारा खंभे में करंट आने की शिकायत दी गई थी। मामला गांव सांखोल की फिरनी का है। दरअसल, बरसात में यहां गली में पानी भर जाता है। गली के कोने में लगे बिजली के खंभे में करंट आया हुआ था। रविवार को जब आसपास रहने वाले लोगों को इस बात का पता चला तो उन्होंने बिजली निगम को शिकायत दी लेकिन समाधान नहीं हो सका। इसी बीच मंगलवार की दोपहर को हुई तेज बरसात में यहां पुनः जलभराव के साथ खंभे में करंट आ गया। यहां से गुजर रही रवींद्र और ललित की 2 भैंस करंट की चपेट में आई तथा मौके पर ही उनकी जान चली गई। हादसे के बाद लोगों में भय पनप गया। बिजली निगम के कर्मचारी और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते खंभे पर ध्यान दिया जाता तो शायद ये हादसा न होता। लापरवाही के कारण 2 जीवों की जान चली गई। गनीमत रही कि कोई बच्चा या अन्य राहगीर करंट के संपर्क में नहीं आया। लेकिन दो मूक प्राणियों की तो जान चली ही गई। पशु मालिक को भी काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि तमाम खंभों की जांच होनी चाहिए। यदि कहीं करंट हैं तो उसे दूर किया जाना चाहिए।

> • ग्रामीणों का आरोप, रविवार को भी करंट की शिकायत दी गई थी



## अधिनियम के तहत 13 केसों के लिए 17 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति

**झज्जर।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज प्रत्येक पात्र मामले में पीड़ितों को नियमानुसार निर्धारित समयावधि में राहत राशि उपलब्ध कराना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब न हो। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज होते ही उसकी सूचना तुरंत जिला कल्याण विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि राहत राशि जारी करने की प्रक्रिया बिना किसी देरी के शुरू की जा सके। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के दौरान अधिनियम के तहत पात्र 13 केसों के लिए 17 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति जारी की गई है।

# इनेलो ने जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पेपर लीक मामलों, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे धरने को इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने भी समर्थन दिया। उनके साथ इनेलो शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट विपिन तथा सन्नी दलाल भी मौजूद रहे। इनेलो के प्रतिनिधिमंडल ने धरना स्थल पर पहुंचकर पिछले कई दिनों से अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा सीजेपी के पदाधिकारियों से मुलाकात कर आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान युवाओं के हितों, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता तथा भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर विस्तार से चर्चा की। भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि देश का युवा वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन बार-बार पेपर लीक की घटनाओं से उसकी मेहनत, समय और आर्थिक संसाधनों पर गंभीर चोट पहुंचती है।

> पेपर लीक मामलों और प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर दिया जा रहा है धरना



**बहादुरगढ़।** सोनम वांगचुक को समर्थन देते भूपेंद्र राठी व अन्य।

# परनाला में शून्य मातृ मृत्यु पखवाड़ा शुरू गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक

■ सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव तथा समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** परनाला में हुए कार्यक्रम में मौजूद सरपंच व स्वास्थ्य कार्यकर्ता।

गांव परनाला में मंगलवार को शून्य मातृ मृत्यु पखवाड़ा शुरू हो गया। इसका समापन 22 जुलाई को होगा। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव तथा समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच मुकेश अशोक राठी, एएनएम कलम, इंदू, आंगनवाड़ी वर्कर मंजू और पूनम आदि मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार पखवाड़े के दौरान उच्च जोखिम गर्भवतियों की विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा उनका सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि 7 से 22 जुलाई के बीच प्रसव संभावित सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की अलग से पहचान कर उनकी नियमित निगरानी, समय पर रेफरल, एंबुलेंस सुविधा और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक एचआरपी गर्भवती की प्रसव पूर्व तैयारी, निकटतम कार्यशील एफआरयू से लिंकिंग, प्रसवोत्तर देखभाल तथा सभी मामलों की समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही बिना विशेषज्ञ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ वाले निजी अस्पतालों अथवा केवल बीएएमएस चिकित्सकों द्वारा संचालित अस्पतालों में प्रसव नहीं कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे: एसडीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर एसआईआर अभियान के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किला मोहल्ला से लेकर कानोंदा गांव तक के बूथों पर मतदाता सत्यापन और गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया का जायजा लिया। बीएलओ, सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी लेते हुए एसडीएम अभिनव सिवाच ने निर्देश दिए कि पात्र मतदाताओं के प्रपत्र समय पर भरवाकर निर्धारित अवधि में जमा कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों पर मौजूद मतदाताओं से भी बातचीत की और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी देते हुए समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने गणना प्रपत्र जमा कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अधिकारियों को अभियान के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

> *एसडीएम ने मतदाताओं को समय रहते अपने गणना प्रपत्र जमा कराने के लिए प्रेरित किया*

# प्रत्येक वोटर गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कराएं : डीसी

■ कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों और आमजन को एसआईआर अभियान के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




**झज्जर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी।

जिले भर में एसआईआर अभियान के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को एसआईआर अभियान के प्रति जागरूक किया गया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी नागरिक सक्रिय सहयोग करें तथा बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्रों को सही प्रकार से भरकर तत्काल जमा करवाएं, ताकि उनका डिजिटाइजेशन किया जा सके।

## विधायक ने नारियल फोड़कर किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

# आसोदा टोडराण में 28 लाख रुपये से बनेंगी दो गलियां

**विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री बर्दाश्त नहीं: जून**

*विधायक ने कहा कि भाजपा की सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य पर लगातार नजर रखने की अपील की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव आसोदा टोडराण में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक राजेश जून ने 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक राजेश जून ने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि गलियों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक राजेश जून ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों का शुभारंभ और उद्घाटन किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार का उद्देश्य हर गांव और हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। विधायक ने कहा कि भाजपा की सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक राजेश जून ने कहा कि गलियों के निर्माण से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य पर लगातार नजर रखने की अपील की।


बहादुरगढ़। आसौदा में गली निर्माण का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

## पानी-सीवर की समस्या को लेकर विधायक राजेश जून से मिले दयानंद नगर निवासी


बहादुरगढ़। दयानंद नगर के निवासियों के साथ विधायक राजेश जून।

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-12 के दयानंद नगर में पेयजल और सीवरेज की समस्या को लेकर पार्षद प्रतिनिधि योगेश धनखड़ समेत अन्य लोगों ने विधायक राजेश जून से उनके कार्यालय में मुलाकात की। दयानंद नगर में लंबे समय से चली आ रही पानी एवं सीवर संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द समाधान की मांग की। विधायक राजेश जून ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि दयानंद नगर के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल और सीवरेज से जुड़ी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान कराया जाएगा। विधायक राजेश जून ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देश देते हुए कहा कि दयानंद नगर में पेयजल आपूर्ति और सीवरेज व्यवस्था से संबंधित सभी समस्याओं का स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# डाकिए की साइकिल की घंटी सुनते ही दौड़ पड़ते थे लोग

**चिट्ठियों में बसता था अपनों का प्यार**

भागदौड़ की इस जिदंगी में कभी एक दौर ऐसा भी था जब अपनों का हालचाल जानने के लिए लोगों को मोबाइल का नहीं, बल्कि डाकिए की साइकिल का इंतजार रहता था। हाथ से लिखी चिट्ठियां रिश्तों की डोर को मजबूत बनाती थीं। बुजुर्ग आज भी उस समय को याद कर भावुक हो उठते हैं, जब डाकिए की घंटी सुनते ही लोग घरों से बाहर निकल आते थे। किसी बेटे की फौज से आई चिट्ठी, किसी रिश्तेदार का हालचाल या फिर नौकरी की खबर। हर पत्र में एक भावनात्मक लगाव रहता था। कई बार परिवार के सदस्य डाकिए का रास्ता देखते रहते थे और उसके आते ही उत्सुकता से पूछते बैठते थे कि हमारे नाम कोई चिट्ठी आई है क्या? लोगों का कहना है कि अब कुछ ही सेकेंड में संदेशों का आदान-प्रदान हो जाता है। आज के मशीनी युग में मेडिकल में नवजात शिशु के जन्म के बाद जच्चा के पहुंचने से पहले मिठाइयां बंट चुकी होती हैं। बेशक आज की वैज्ञानिक तकनीक ने दूरियों को कम करने का काम किया है, लेकिन चिट्ठियों वाला अपनापन और इंतजार का सुख अब महज यादों में ही बस गया है। हाथ से लिखे पत्रों का अपनापन और इंतजार की मिठास कहीं खो गई है। चिट्ठियों में सिर्फ खबरें नहीं होती थीं, बल्कि उनमें अपनों का स्नेह, चिंता और भावनाएं भी समाई होती थीं। यही वजह है कि वर्षों बाद भी पुराने पत्र लोगों की सबसे अनमोल यादों में शामिल हैं।


झज्जर। डाकघर के सामने लगा पोस्टबॉक्स जिसमें भेजी जाती थी चिट्ठियां।

### पूरे परिवार के सामने पढ़ी जाती थी चिट्ठी



*रिटायर्ड इंस्पेक्टर हरी सिंह ने बताया कि उन्हें नौकरी के सिलसिले में जहां सुबह घर से जल्दी निकलना पड़ता था वहीं आते समय भी अक्सर देर हो जाती थी। ऐसे में कई बार चिट्ठियों का पता भी नहीं चल पाता। लेकिन जब उनके रिश्तेदारों की चिट्ठी आती थी तो वे उसे पूरे परिवार के साथ बैठते थे। कई-कई बार लोगों द्वारा चिट्ठियों को वर्षों तक संदूक में संभाल कर रखा जाता था, आज तकनीकी युग ने सब कुछ आसान कर दिया। वे विदेश में बैठे अपने रिश्तेदारों से न केवल बात कर पाते हैं बल्कि वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें देख भी सकते हैं।*

### चिट्ठी आने में लग जाते थे कई हफ्ते



करीब सत्तर बसंत देख चुके श्रवण कुमार बताते हैं कि उस जमाने में चिट्ठियों का जवाब आने में कई दिन, कभी-कभी कई हफ्ते लग जाते थे, लेकिन इंतजार का वही समय रिश्तों की मिठास को और बढ़ा देता था। हालांकि डाक विभाग की लचीली व्यवस्था व सरकारी अवकाश के चलते चिट्ठी पहुंचने में कई बार अधिक समय भी लग जाता था जिस कारण चिट्ठी तब पहुंचती जब उसका महत्व समाप्त हो चुका होता। उन्हें याद आता है कि जब पंजाब बार्डर की लाहौर रोड पट्टी के गांव में रहने वाली उनकी बुआजी का देहांत हो गया था और उन्हें चिट्ठी बुआजी की तेरहवीं के बाद मिली थी। ऐसे में वे उनके अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाए थे।

### पत्र लिखना भी एक कला थी



बुजुर्ग श्याम सुंदर टूटेजा के अनुसार उस दौर में पत्र लिखना भी एक कला थी। लोग सोच-समझकर शब्दों का चुनाव करते और अपनी भावनाओं को कागज पर उतारते थे। उन चिट्ठियों में अपनों की लिखावट और प्यार बसता था। उनके पिता व भाई गुजरात के वडोदरा जिले के शिनोर गांव में रहते थे। उनके साथ हर पखवाड़े कुशल क्षेम के पत्रों का आदान-प्रदान होता रहता था। जब पत्र नहीं आता तो मन में उत्सुकता बनी रहती थी और वे डाकिए की राह देखते रहते थे। इसी प्रकार चिट्ठी के जवाब की प्रतीक्षा रहती थी। उनके साथ भी एक बार ऐसा हुआ जब पिता जी यहां पहुंचे तो उन्होंने चिट्ठी डालने के बावजूद बस स्टैंड पर लेने न पहुंचने का उलाहना दिया। उनकी नाराजगी तब दूर हुई जब उनके आने के दूसरे दिन डाली गई चिट्ठी घर पहुंची।

# नया गांव निवासियों की समस्याएं सुनीं

**जल्द समस्या का होगा समाधान**

*कॉलोनी के सामने वाली गली जर्जर हालत में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नया गांव निवासियों ने अपनी गली संबंधी समस्या को लेकर विधायक राजेश जून व पूर्व पार्षद जसबीर सैनी से मुलाकात की। सतीश सैनी, तारीफ, नवीन, विद्या देवी, गीता, कृष्णा, सुशीला, सरला, सुनीता, अनीता, भतेरी और पुष्पा आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी के सामने वाली गली जर्जर हालत में है। यहां हर समय पानी भरा रहता है। बारिश के मौसम में गली से निकलना मुश्किल हो जाएगा। विधायक राजेश जून ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा।


बहादुरगढ़। नया गांव निवासियों की समस्याएं सुनते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

# सुंदर ड्रेस व बैग स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को सुन्दर पोशाक और सुन्दर बैग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी, केजी और पहली कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में उपप्राचार्या नीलम कुमारी और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्री-प्राइमरी हेड सुमन मान ने बताया कि नर्सरी कक्षा से सिद्धांत और इरा ने अपने-अपने अनुभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। केजी कक्षाओं में मनुसरी, जीया, अनवी, रियान, कीया, तेजस, जीया, हिमांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। पहली कक्षा में अंशिका, इशांत, देवांश, यांजल, दक्ष प्रथम रहे। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बैग केवल पुस्तकें रखने का साधन नहीं बल्कि यह बच्चों की कार्यशैली, संगठन क्षमता और अनुशासन का भी परिचायक होता है। सुव्यवस्थित बैग वाला विद्यार्थी पढ़ाई में भी अधिक व्यवस्थित और एकाग्र रहता है। इसी प्रकार सुंदर पोशाक केवल तन ढंकने का साधन नहीं बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व का आईना होती है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया व सचिव विशाल नेहरा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# बारिश के कारण हिसार-झज्जर के बीच मैच धुला

*5 में से 4 मुकाबले जीतकर झज्जर की टीम मजबूत स्थिति में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-9ए ग्राउंड में झज्जर और हिसार के बीच खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया। अब दोबारा यह मैच दोनों टीमों के बीच खेला जाएगा। अब तक झज्जर की टीम 5 में से कुल 4 मुकाबले जीतकर मजबूत स्थिति में है।

दरअसल, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से पटौदी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इसके तहत बहादुरगढ़ में सेक्टर 9ए स्थित झज्जर क्रिकेट ग्राउंड पर भी मैच खेले जा रहे हैं। मंगलवार को झज्जर की टीम का मुकाबला हिसार के साथ हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए झज्जर की टीम 47.2 ओवर में 196 रनों पर ऑलआउट हो गई। गोरिश दहिया ने 54 तो समी कादियान व सुबोध ने 42-42 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिसार की शुरुआत भी खराब रही। तीन रनों पर ही दोनों ओवर पवेलियन लौट गए। टीम 13 रनों के स्कोर पर पहुंची ही थी कि इलाके में तेज बारिश हो गई। इस वजह से मैच रोकना पड़ा। काफी देर बारिश होने के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। इससे पहले झज्जर की टीम हांसी, जींद, सोनीपत और पानीपत को हराकर मजबूत स्थिति में है। हिसार के साथ अब टीम का दोबारा मैच होगा।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**झज्जर।** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी को वृक्षों के महत्व का संदेश दिया। कक्षा सातवीं की छात्रा योगिता ने अपनी ओजस्वी कविता एवं प्रेरणादायक स्लोगनों के माध्यम से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। संस्था समिति की सदस्या सीजू गहलावत, प्राचार्य जयप्रकाश यादव, उप-प्राचार्या सुनील कुमारी, बिंदु शर्मा तथा विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।


झज्जर। स्कूल परिसर में पौधरोपण करते विद्यार्थी एवं शिक्षक।

## ग्राम भारती मिडल स्कूल में मनाया वन महोत्सव

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा खुर्द के ग्राम भारती मिडल स्कूल में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को वन महोत्सव मनाया गया। स्कूल संचालक गुरचरण सिंह व मुख्याध्यापिका कृष्णा कटारिया ने पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। पहली से 8वीं कक्षा तक के छात्रों ने अपनी कक्षा के नाम पर पौधे लगाए। गुरचरण सिंह ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। शिक्षिका शिखा ने बच्चों को पेड़ों के महत्व को समझाया। शिक्षिका पुष्पा, रजनी, बबीता, रेखा, शिखा व पूनम ने भी बच्चों के साथ पौधे लगाए। सभी ने साल में कम से कम 2 पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की शपथ ली।


बहादुरगढ़। ग्राम भारती मिडल स्कूल में पौधरोपण करते स्कूल संचालक, स्टाफ व बच्चे। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने हजारों लोगों की जीवनशैली बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

# आठ वर्ष में फिटनेस की मिसाल बना बीआरजी

*हर सदस्य ने सुबह की दौड़, टीम भावना, अनुशासन और सेवा के मूल्यों को अपनाकर इसे मजबूत किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आठ वर्ष पहले आमजन को फिटनेस से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किया गया बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप अब स्वस्थ समाज का निर्माण की दिशा में आंदोलन बन गया है। यह ग्रुप अब उत्तर भारत के प्रेरणादायक रनिंग समूह के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

फिट इंडिया एंबेसडर दीपक छिल्लर द्वारा 7 जुलाई 2018 को बीआरजी की शुरुआत की गई थी। इसमें अब 650 से अधिक सक्रिय सदस्य शामिल हैं। पिछले आठ वर्षों में इस मंच ने बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और पेशेवरों सहित समाज के हर वर्ग को फिटनेस से जोड़ा है। कई सदस्य सफलतापूर्वक हाफ मैराथन, फुल मैराथन और अल्ट्रा मैराथन पूरी कर चुके हैं। बीआरजी केवल रनिंग तक सीमित नहीं रहा। इस समूह ने समय-समय पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, योग कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान और जरूरतमंदों की सहायता जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है। दीपक छिल्लर के अनुसार बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने एक सामाजिक आंदोलन के तौर पर हजारों लोगों की जीवनशैली बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके हर सदस्य ने सुबह की दौड़, टीम भावना, अनुशासन और सेवा के मूल्यों को अपनाकर इसे मजबूत किया है।


बहादुरगढ़। स्थापना दिवस पर एकजुटता जाहिर करते बीआरजी के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# मधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

**झज्जर।** मंगलवार को लाल खानिया मोहल्ला स्थित प्रेम मंदिर में सुंदर कांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी सदस्य सुभाष भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दीदी मीनाक्षी एंड पार्टी द्वारा जहां महिला मंडली के साथ सामूहिक सुंदर कांड पाठ का गायन किया वहीं मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर लैय्या बिरादरी से उमेश कुमार, सतीश धींगड़ा, कुलदीप आर्य, रूपचंद अरोड़ा, राजू आजाद, आशा शर्मा, किरण शर्मा, संतोष आर्या, इंदू भुगड़ा, आशा तनेजा, कृष्णा, उषा, शिप्रा, कृष्णा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। भजनों की प्रस्तुति देते हुए दीदी मीनाक्षी। फोटो: हरिभूमि